आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र आज दो दिन के अवकाश के बाद शिमला में शुरू होगा। सदन की कार्यवाही बाद दोपहर दो बजे शुरू होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग का वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन और संस्था पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत हिम ऊर्जा हिमाचल प्रदेश का वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन सभापटल पर रखेंगे। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान भारत के संविधान के तहत उद्योग विभाग भर्ती और पदोन्नति नियम और नगर और ग्राम योजना मंत्री राजेश धर्माणी मोटरयान अधिनियम व कराधान अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित तथा शासकीय प्रतिवेदनों की प्रति सभा पटल पर रखेंगे। इसके अलावा नियम 130 के अंतर्गत 27 अगस्त को लाए गए प्रस्ताव जिसमें प्रदेश में हुई भारी बरसात के कारण सड़कों, पुलों व घरों और फसलों तथा अन्य योजनाओं को हुए भारी नुकसान पर चर्चा जारी रहेगी। इस दौरान सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाएं जाएंगे।

भाजपा–सदस्यता अभियान

भारतीय जनता पार्टी आज से सदस्यता अभियान शुरू कर रही है। अभियान का शुभारंभ भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी सदस्यता का नवीकरण प्रमाण पत्र दिए जाने से होगा। पार्टी संविधान के अनुसार प्रत्येक पांच से छह वर्ष पर सदस्यता अभियान चलाया जाता है। यह अभियान आज से दस नवम्बंर तक विभिन्न चरण में सम्पन्न होगा। पहला चरण 25 सितंबर को पूरा होगा। इधर प्रदेश में भी भाजपा का सदस्यता अभियान आज से शुरू हो रहा है। इस सदस्यता अभियान के अंतर्गत भाजपा पूरे प्रदेश में हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने के लक्ष्य से आगे बढ़ रही है। प्रदेश में 16 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं देश भर में 10 करोड़ से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाने का लक्ष्य है। 2014 से 2019 तक लगभग 18 करोड़ लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। भाजपा का सदस्यता अभियान चार आयामों पर आगे बढ़ेगा। मिस्ड कॉल, क्यू आर कोड, नमो एप और भाजपा की वेबसाइट के माध्यम से देश और प्रदेश का कोई भी व्यक्ति पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सकता है।

पोषण माह

राष्ट्रीय पोषण माह कल से शुरू हो गया है। 30 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश के भविष्य को स्वस्थ और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। पोषण अभियान के अन्तर्गत 6 वर्ष की आयु वर्ग तक के बच्चों में कुपोषण, अनिमिया व कम वजन और किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं की समस्याओं का निराकरण करने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। अभियान

के दौरान स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग के समन्वय से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। पोषण माह हर वर्ष एक से 7 सितंबर तक मनाया जाता है। इस वार्षिक कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 1982 में महिला व बाल विकास मंत्रालय के खाद्य व पोषण बोर्ड द्वारा की गई थी। इधर प्रदेश में भी राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

जीएसटी– अगस्त संग्रह

इस वर्ष अगस्त महीने में वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी संग्रह एक लाख 75 हजार करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष की इस अवधि के संग्रह एक लाख 59 हजार करोड़ रुपये की तुलना में यह 10 प्रतिशत अधिक है। रिफंड समायोजित करने से पहले केंद्र सरकार ने 30 हजार आठ सौ 62 करोड़ रुपये और राज्यों ने 38 हजार चार सौ 11 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। आयात और अंतर–राज्यीय बिक्री पर एकीकृत जीएसटी संग्रह 93 हजार छह सौ 21 करोड़ रुपये रहा।

मौसम

प्रदेश में मानसून की सक्रियता जारी है। बीते कल नाहन व मंडी सहित राज्य के कई क्षेत्रों में वर्षा हुई। राज्य के कई स्थानों पर पिछले कुछ दिनों से सुबह–शाम के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा रही है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश की संभावना भी जताई है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से––––

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। पंजाब केसरी की सुर्खी है हिमाचल में कोई आर्थिक संकट नहीं, 2 माह के वेन पर रोक लगाना रिफार्म। दिव्य हिमाचल लिखता है मुख्यमंत्री बोले, जब सुधार किए जाते हैं तो कुछ दिक्कतें आती हैं। दैनिक भास्कर के शब्द हैं वेतन में देरी करना अर्थव्यवस्था में सुधार का हिस्सा। हिमाचल दस्तक का कहना है सुक्खू बोले–2027 तक हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य। दैनिक जागरण के अनुसार हिमाचल में आर्थिक संकट नहीं, वित्तीय अनुशासन की जरूरत। आपका फैसला के मुताबिक हिमाचल में आर्थिक संकट नहीं, हम केंद्र से मांग रहे अधिकार।

अमर उजाला की एक खबर है नेरचौक मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टरों से हाथापाई, 6 धरे, एक फरार। दैनिक जागरण के शब्द हैं दो गाड़ियों में कॉलेज परिसर में घुसे थे छह हमलावर, आरोपितों में वार्ड ब्वाय भी।

दो दिन की छुट्टी के बाद आज दो बजे शुरू होगी विधानसभा शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है नियम 130 के तहत लाए प्रस्ताव पर जवाब देंगे मुख्यमंत्री। दिव्य हिमाचल लिखता है आज आर्थक हालत पर तपेगा सदन।